मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 20

अनुक्रमांक ........................

नाम ..................................

156 **349**

## 2022

## लेखाशास्त्र

### ( नया पाठ्यक्रम )

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 100

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*Note* : First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :** i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii) प्रश्न संख्या **1 से 10** तक **बहुविकल्पीय** हैं । प्रश्न संख्या **11 से 20** तक **अति लघु उत्तरीय** हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग **30** शब्दों के अन्तर्गत लिखना है । प्रश्न संख्या **21 से 26** तक **लघु उत्तरीय** हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर **100** शब्दों के अन्तर्गत लिखना है । प्रश्न संख्या **27 से 30** तक **विस्तृत उत्तरीय** हैं, जिन्हें हल करना है ।

iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।





*Instructions* :

i) *All* questions are compulsory.

ii) Question Nos. *1* to *10* are *Multiple Choice Type.* Question Nos. *11* to *20* are *Very Short Answer Type,* which are to be answered within 30 words each. Question Nos. *21* to *26* are *Short Answer Type,* which are to be answered within 100 words each and Question Nos. *27* to *30* are *Long Answer Type,* which are to be solved.

iii) Marks to each question are indicated against it.

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )
### ( Multiple Choice Type Questions )

सही उत्तर चुनिए एवं उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1) नये साझेदार के प्रवेश पर किसी सम्पत्ति के मूल्य में हुई वृद्धि को क्रेडिट किया जाता है

i) लाभ-हानि खाते में

ii) पुनर्मूल्यांकन खाते में

iii) सम्पत्ति खाते में

iv) पुराने साझेदारों के पूँजी खाते में । 1

2) जब कोई नया साझेदार किसी विद्यमान फर्म में प्रवेश प्राप्त करता है तो उसे फर्म में कौन-से अधिकार प्राप्त होते हैं ?

i) सम्पत्ति में हिस्सा ii) लाभों में हिस्सा

iii) (i) व (ii) दोनों iv) इनमें से कोई नहीं। 1

3) पूँजी का वह हिस्सा जिसे कम्पनी के समापन के समय माँगा जाता है, कहलाता है

i) आरक्षित पूँजी ii) अयाचित पूँजी

iii) निर्गत पूँजी iv) अधिकृत पूँजी। 1

4) आय-व्यय खाते के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सत्य है ?

i) यह खाता गैर-व्यापारिक संस्थाओं द्वारा बनाया जाता है

ii) यह प्राप्ति-भुगतान खाते के आधार पर बनाया जाता है

iii) इस खाते की बचत को पूँजी कोष में जोड़ा जाता है

iv) इनमें से सभी । 1





5) अंशों व ऋणपत्रों में अभिदान आमन्त्रित करने के लिए प्रविवरण निर्गत कर सकती है, केवल

i) सार्वजनिक कम्पनी ii) निजी कम्पनी

iii) (i) और (ii) दोनों iv) इनमें से कोई नहीं। 1

6) प्रतिभूति प्रीमियम संचय खाता आर्थिक चिट्ठे में किस शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है ?

i) संचय एवं अतिरेक

ii) चालू दायित्व एवं प्रावधान

iii) अंश पूँजी

iv) इनमें से कोई नहीं। 1

7) जब अंशों का हरण किया जाता है, तब अंश पूँजी खाते को डेबिट किया जाता है

i) हरण किए गये अंशों की चुकता राशि से

ii) हरण किए गये अंशों पर याचित की गई राशि से

iii) हरण किए गये अंशों पर याचित नहीं की गई राशि से

iv) हरण किए गये अंशों के अंकित मूल्य की राशि से । 1

8) अंश हरण किए जाते हैं

i) माँग राशि के भुगतान न करने पर

ii) सभा में उपस्थित न होने की स्थिति में

iii) बैंक ऋण का भुगतान न करने पर

iv) इनमें से कोई नहीं । 1

9) वर्ष के मध्य में जो लाभांश दिया जाता है, उसे कहते हैं

i) अयाचित लाभांश ii) पूर्वाधिकार लाभांश

iii) अन्तरिम लाभांश iv) अन्तिम लाभांश। 1

10) ख्याति के सम्बन्ध में लेखांकन मानक है

i) AS-10 ii) AS-9

iii) AS-6 iv) AS-2. 1

Select the correct answer and write it in your answer-book :

1) On the admission of a new partner the increase in the value of an asset is credited to

i) Profit & Loss A/c

ii) Revaluation A/c

iii) Assets A/c

iv) Old partners' Capital A/c. 1





2) When a new partner enters in an existing firm, what types of right does she receive in a firm ?

i) Share in Assets

ii) Share in Profit

iii) Both (i) and (ii).

iv) None of these. 1

3) Part of capital which can be called up at the time of winding of a company is called

i) Reserve capital

ii) Uncalled capital

iii) Issued capital

iv) Authorised capital. 1

4) Which statement is correct regarding Income and Expenditure Account ?

i) It is prepared by non-trading institutions

ii) It is made on the basis of Receipts and Payments Account

iii) The surplus of this account is added in capital fund

iv) All of these. 1

5) A prospectus for inviting subscription in shares or debentures can be issued only by

i) Public company

ii) Private company

iii) Both (i) and (ii)

iv) None of these. 1

6) Securities Premium Reserve Account is shown in the Balance Sheet under the heading
   - i) Reserve and Surplus
   - ii) Current liabilities and provisions
   - iii) Share capital
   - iv) None of these. 1

7) When shares are forfeited, then share capital account is debited with
   - i) paid up amount of forfeited shares
   - ii) called up amount of forfeited shares
   - iii) uncalled amount of forfeited shares
   - iv) face value of forfeited shares. 1

8) Shares can be forfeited
   - i) for non-payment of call money
   - ii) for failure to attend meetings
   - iii) for failure to repay the loan to the bank
   - iv) none of these. 1

9) Dividend paid in the mid of the year is called
   - i) uncalled dividend
   - ii) preference dividend
   - iii) interim dividend
   - iv) final dividend. 1

10) Which of the Accounting Standards (AS) is related to Goodwill ?
   - i) AS-10
   - ii) AS-9
   - iii) AS-6
   - iv) AS-2. 1





## ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

## ( Very Short Answer Type Questions )

11. साझेदारों के चालू खाते से आप क्या समझते हैं ? 2

11. What do you mean by Current Accounts of partners ? 2

12. नये लाभ-विभाजन अनुपात की गणना कब-कब की जाती है ? 2

12. When is new profit-sharing ratio to be calculated ? 2

13. पुनर्मूल्यांकन खाता क्या है ? 2

13. What is Revaluation Account ? 2

14. प्राप्ति-भुगतान खाता व लाभ-हानि खाता किन संस्थाओं एवं व्यक्तियों द्वारा बनाये जाते हैं ? 2

14. Which institutions and individuals prepare Receipts and Payments Account and Profit & Loss Account ? 2

15. बोनस अंश से आप क्या समझते हैं ? 2

15. What do you mean by Bonus share ? 2

16. बकाया याचना क्या है ? 2

16. What is unpaid call ? 2

17. अंश प्रीमियम खाते को समझाइये । 2

17. Explain Securities Premium Account. 2

18. अंश शोधन कोष किसे कहते हैं ? 2

18. What is share redemption fund ? 2

19. किसी कम्पनी के किन्हीं **दो** वित्तीय विवरणों के नाम बताइए। 2

19. Give the names of any *two* financial statements of a company. 2

20. ख्याति के मूल्यांकन की वार्षिकी आधार विधि क्या है ? 2

20. What is Annuity based method for valuation of Goodwill ? 2

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

**( Short Answer Type Questions )**

21. निजी कम्पनी को सार्वजनिक कम्पनी में कैसे परिवर्तित किया जा सकता है ? 5

21. How can a private company be converted into a public company ? 5

22. साझेदारी संलेख के तत्वों की व्याख्या कीजिए। 5

22. Explain the contents of partnership deed. 5

23. ख्याति मूल्यांकन की अधिलाभ विधि क्या है ? 5

23. What is the super profit method for valuation of Goodwill ? 5

24. अंशों के हरण से आप क्या समझते हैं ? 5

24. What do you mean by forfeiture of shares ? 5





25. पूर्वाधिकार अंशों का शोधन किस प्रकार किया जाता है ? 5

25. How are preference shares redeemed ? 5

26. साझेदारों को न्यूनतम लाभ की गारन्टी से आपका क्या आशय है ? 5

26. What do you mean by guarantee of minimum profit to partners ? 5

**( विस्तृत उत्तरीय प्रश्न )**

**( Long Answer Type Questions )**

27. एक क्लब का 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष का निम्नलिखित प्राप्ति एवं भुगतान खाता है। 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए क्लब के आय-व्यय खाता व उसी तिथि का चिट्ठा तैयार कीजिए :

| प्राप्ति | | रु० | भुगतान | रु० |
|---|---|---|---|---|
| शेष आगे लाये | | 2,000 | वेतन | 600 |
| चन्दा : | रु० | | किराया | 200 |
| 2020 | 50 | | नाटक खर्च | 400 |
| 2021 | 1,000 | | अखबार आदि | 1,000 |
| 2022 | 400 | 1,450 | नगरपालिका कर | 400 |
| दान | | 600 | धर्मादा | 500 |
| टिकटों के विक्रय | | 500 | बिजली खर्च | 400 |
| रद्दी कागज की बिक्री | | 1,300 | विनियोग | 2,000 |
| | | | शेष आगे | 350 |
| | | **5,850** | | **5,850** |

निम्न सूचनायें ध्यान में रखनी हैं :

अ) 5 रु० वार्षिक चन्दा देने वाले 500 सदस्य हैं।

ब) 100 रु० दान पाना बाकी है।

स) 400 रु० नगरपालिका कर 31 मार्च, 2022 तक भुगतान कर दिया गया है।

द) पुस्तकालय हेतु क्लब के पास 5,000 रुपये का भवन है जिस पर 5% वार्षिक ह्रास काटना है।

य) विनियोग पर ब्याज 200 रुपये पाना बाकी है।

र) 1 जनवरी, 2021 को क्लब की पूँजी 6,115 रुपये थी। 10

**अथवा**

गैर-व्यापारिक संस्थाओं को आर्थिक चिट्ठा तैयार करते समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ? 10

27. Receipts and Payments Account of a club for the year ending on 31st December, 2021 are given below. Prepare



Income and Expenditure Account and Balance sheet of the club for the year ended on 31st December, 2021 :

| ***Receipts*** | ***Rs.*** | ***Payments*** | ***Rs.*** |
|---|---|---|---|
| Balance brought forward | 2,000 | Salaries | 600 |
| | | Rent | 200 |
| Subscription : | | Drama expenses | 400 |
| 2020 Rs. 50 | | Newspaper etc. | 1,000 |
| 2021 Rs. 1,000 | | Municipal tax | 400 |
| 2022 Rs. 400 | 1,450 | Charity | 500 |
| Donation | 600 | Electric charges | 400 |
| Sale of Tickets | 500 | Investment | 2,000 |
| Sale of waste papers | 1,300 | Balance C/F | 350 |
| | **5,850** | | **5,850** |

Following information keep in mind :

a) There are 500 members, Rs. 5 each annual subscription.

b) Rs. 100 outstanding for donation.

c) Municipal tax paid up to 31st March, 2022 Rs. 400.

d) Club has a building for library worth Rs. 5,000 which will be depreciated by 5% per annum.

e) Interest on investment Rs. 200 to be received.

f) Club's capital on 1st January, 2021 was Rs. 6,115. 10

*OR*

What are the points to be considered while preparing the Balance Sheet by non-trading institutions ? 10

28. विवेक और सुनील एक फर्म में साझेदार थे। 31 दिसम्बर, 2021 को उनका निम्नांकित स्थिति विवरण था :

| दायित्व | रकम रु० | सम्पत्ति | रकम रु० |
|---|---|---|---|
| अदत्त दायित्व | 10,000 | नकद | 4,000 |
| विविध लेनदार | 30,000 | बैंक | 56,000 |
| बैंक अधिविकर्ष | 20,000 | देनदार | 30,000 |
| देय विपत्र | 30,000 | फर्नीचर | 12,000 |
| संचय | 18,000 | मशीनरी | 24,000 |
| पूँजी खाते : रु० | | भवन | 57,000 |
| विवेक 45,000 | | | |
| सुनील 30,000 | 75,000 | | |
| | **1,83,000** | | **1,83,000** |

[ Turn over



वे नीरज को निम्नलिखित शर्तों पर फर्म में प्रवेश देने का निर्णय लेते हैं :

i) नीरज पूँजी के रूप में 45,000 रु० लाता है और वह भविष्य में लाभों में $\frac{1}{4}$ हिस्सा प्राप्त करेगा।

ii) फर्म की बहियों में 30,000 रु० से ख्याति खाता खोला जायेगा और बहियों में ख्याति खाता नहीं रखना चाहिए।

iii) मशीनरी, भवन और फर्नीचर को 5% से ह्रासित किया जाये।

iv) संदिग्ध ऋणों के लिए 5% प्रावधान किया जाये।

पुनर्मूल्यांकन खाता, सभी साझेदारों के पूँजी खाते और नई फर्म का आर्थिक चिट्ठा बनाइए। 2 + 3 + 5

**अथवा**

साझेदारी की परिभाषा दीजिए तथा इसकी विशेषताओं की विवेचना कीजिए। 3 + 7

28. Vivek and Sunil were partners in a firm. Their Balance Sheet as on 31st December, 2021 stood as follows :

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Outstanding Liabilities | 10,000 | Cash | 4,000 |
| Sundry Creditors | 30,000 | Bank | 56,000 |
| Bank Overdraft | 20,000 | Debtors | 30,000 |
| Bills Payable | 30,000 | Furniture | 12,000 |
| Reserve | 18,000 | Machinery | 24,000 |
| Capital Accounts : Rs. | | Buildings | 57,000 |
| Vivek 45,000 | | | |
| Sunil 30,000 | 75,000 | | |
| | **1,83,000** | | **1,83,000** |

They decided to admit Neeraj in the firm on the following terms :

i) Neeraj brings Rs. 45,000 as capital and he will receive $\frac{1}{4}$ share in future profits.

ii) A Goodwill Account for Rs. 30,000 will be opened in the books of the firm and goodwill account should not remain in the books.

[ Turn over





iii) The machinery, building and furniture be depreciated by 5%.

iv) A provision at 5% be credited for doubtful debts.

Prepare Revaluation Account, Capital accounts of all partners and the Balance Sheet of New firm. 2 + 3 + 5

*OR*

Define Partnership and discuss its essential features. 3 + 7

29. अमित लिमिटेड ने 4000 समता अंश प्रत्येक 10 रु० के अंशों को 1 रु० प्रति अंश कटौती पर निर्गमित किया, जिन पर निम्न प्रकार से राशि देय है :

आवेदन पर 3 रु०, आवंटन पर 4 रु०, प्रथम तथा अन्तिम याचना पर 2 रु०। सभी 4000 समता अंशों पर आवेदन तथा आवंटन राशि प्राप्त हो गई। प्रथम तथा अन्तिम याचना राशि भी केवल एक अंशधारी को छोड़कर, जिसके पास 200 अंश थे, यथावत प्राप्त हो गयी। बाद में उसके 200 अंशों का हरण कर लिया गया। अमित लिमिटेड की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टि कीजिए तथा आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिए । 7 +

**अथवा**

अल्प अभिदान तथा अधि अभिदान में क्या अन्तर है ? अधि अभिदान की स्थिति में अंशों का आवंटन किस प्रकार किया जाता है ? स्पष्ट कीजिए। 5 + 5

29. Amit Ltd. issued 4000 equity shares of Rs. 10 each at a discount of Re. 1. Amount due as follows :

Rs. 3 on application, Rs. 4 on allotment and Rs. 2 on first and final call. Application and allotment money have been received on all 4000 equity shares. First and final call money are received except one shareholder who has 200 shares. Later on his 200 shares were forfeited. https://www.upboardonline.com

Pass journal entries in the books of Amit Limited and prepare Balance Sheet. 7 + 3

*OR*

Distinguish between under-subscription and over-subscription. How can shares be allotted under over-subscription ? Explain. 5 + 5





30. लाभ-हानि खाते में निम्नलिखित मदों के समायोजन के बाद प्रभा लिमिटेड का वर्ष 2021 के लिए शुद्ध लाभ 6,00,000 रु० था।

| | |
|---|---|
| ह्रास | रु० 50,000 |
| ख्याति अपलिखित | रु० 25,000 |
| मशीन के विक्रय पर हानि | रु० 2,500 |
| कर समायोजन | रु० 30,000 |
| सामान्य संचय में हस्तान्तरण | रु० 20,000 |
| कर-वापसी | रु० 3,500 |
| फर्नीचर की बिक्री पर लाभ | रु० 6,000 |

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनाओं की सहायता से संचालन से रोकड़ की गणना कीजिए :

| | 31 दिसम्बर | |
|---|---|---|
| | 2020 | 2021 |
| नकद | 1,00,000 | 1,50,000 |
| देनदार | 2,00,000 | 2,50,000 |
| प्राप्य विपत्र | 40,000 | 30,000 |
| अदत्त व्यय | 2,000 | 3,000 |

contd...

| | 31 दिसम्बर | |
|---|---|---|
| | 2020 | 2021 |
| लेनदार | 1,00,000 | 1,50,000 |
| उपार्जित आय | 10,000 | 14,500 |
| पूर्वदत्त व्यय | 5,000 | 8,000 |
| स्कन्ध | 15,000 | 25,000 |
| अग्रिम प्राप्त आय | 2,000 | 500 |

10

**अथवा**

वित्तीय विवरणों का विश्लेषण क्या है ? इसके उद्देश्य एवं सीमाओं का वर्णन कीजिए। 2 + 4 + 4

30. The net profit of Prabha Limited for the year 2021 after the adjustment of the following items to its Profit & Loss Account stood at Rs. 6,00,000 :

| | |
|---|---|
| Depreciation | Rs. 50,000 |
| Goodwill written off | Rs. 25,000 |
| Loss on sale of machine | Rs. 2,500 |
| Provision for tax | Rs. 30,000 |
| Transfer to General Reserve | Rs. 20,000 |
| Refund of tax | Rs. 3,500 |
| Gain on sale of furniture | Rs. 6,000 |





With the help of the following additional information, calculate cash from operations :

| | 31st December | |
|---|---|---|
| | 2020 | 2021 |
| Cash | 1,00,000 | 1,50,000 |
| Debtors | 2,00,000 | 2,50,000 |
| Bills receivable | 40,000 | 30,000 |
| Outstanding expenses | 2,000 | 3,000 |
| Creditors | 1,00,000 | 1,50,000 |
| Accrued income | 10,000 | 14,500 |
| Prepaid expenses | 5,000 | 8,000 |
| Stock | 15,000 | 25,000 |
| Income received in advance | 2,000 | 500 |

10

*OR*

What is meant by Analysis of Financial Statements ? Discuss its objects and limitations. 2 + 4 + 4

**349 – 1,10,000**